>

Title: Need to check the menace of Neel Gai in eastern parts of Uttar Pradesh.

**श्री गोरखनाथ पाण्डेय (भदोही):** महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान देश में किसानों की गाढ़ी कमाई से तैयार होने वाली फसलों को नष्ट करने वाले जंगली जानवर नीलगाय (खड़रोज) की तरफ आकृष्ट कराना चाहता हूं।

विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल भाग के अनेक जिलों यथा भदोही, मिर्जापुर, इलाहाबाद, वाराणसी व जौनपुर तथा अन्य जिलों में हर वर्ष हजारों एकड़ फसल नीलगायों के द्वारा समाप्त कर दी जा रही है। किसान खेती से पलायन करने लगे हैं। उत्तर प्रदेश के किसानों में भुखमरी की स्थिति बन गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल जिलों में किसानों की फसलों की बर्बादी रोकने तथा फसलों की सुरक्षा हेतु नीलगायों (खड़रोजों) को एक अभियान चलाकर पकड़ा जाए तथा इन्हें जंगलों या वन्य जीव संरक्षण स्थानों पर भेजने की व्यवस्था करें ताकि किसानों की फसलों की सुरक्षा हो सके और उन्हें भुखमरी से बचाया जा सके।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Mahabali Singh – not present.

Shri Ambica Banerjee – not present.

Shri R. Thamaraiselvan – not present.

Shri Mahendra Kumar Roy – not present.